(वेबसाईट पर अपलोड हेतु)

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
ई–मेल–: nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / विद्युत / 2021–22 / 4465 दिनांक :– 03/06/21

## सीमित ई–निविदा सूचना संख्या 01 / 2021–22 / विद्युत

नगर निगम बीकानेर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ईच्छुक सम्भरणकर्ता जो निम्नलिखित कार्य करने / सामग्री सम्भरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है।

कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्तें इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा **निर्धारित अवधि तक नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर निविदा शुल्क जमा करवानें के पश्चात् निविदा को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाखों में) | धरोहर राशि | प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निगम बीकानेर के अधिकृत विभिन्न अनुभाग में कूलर सप्लाई का कार्य। | 01.98 | संलग्न Bid Declaration प्रारूप | 500/- | 500/- |

ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक दिनांक व समय : 04/06/21 को 09:30 बजे से

ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय : 10/06/21 को 18:00 बजे तक

ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय : 11/06/21 को 15:00 बजे

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

क्रमांक / विद्युत / 2021–22 / 4466-67 दिनांक :– 03/06/21

प्रतिलिपि :–
1. नोटिस बोर्ड, नगर निगम बीकानेर।
2. ओसवाल डाटा प्रोसेसर, बीकानेर को ऑनलाईन वेबसाईट एवं पोर्टल पर प्रकाशन हेतु।

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
ई–मेल–: nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / विद्युत / 2021–22 / 4465 दिनांक :– 03/06/21

कार्य का नाम :– नगर निगम बीकानेर के अधिकृत विभिन्न अनुभाग में कूलर सप्लाई का कार्य।

## 1. तकनीकी बिड (प्रथम भाग) :–

निविदा में भाग लेने वाली फर्मो की तकनीकी जाँच निम्न बिन्दुओं के आधार पर ही की जावेगी। तकनीकी बिड हेतु निम्न दस्तावेज स्केन कर पीडीएफ फोरमेट में अपलोड होने चाहिए :–

| क्र.सं. | दस्तावेज का विवरण |
|---|---|
| 1. | निविदादाता द्वारा निविदा के निर्धारित टेण्डर फीस एवं प्रोसेसिंग फीस का ऑनलाईन भुगतान नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर Pay Online Tender ऑप्शन द्वारा Online Tender, RISL, EMD Fee Pay पर होगा। निविदा का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् जारी हुई रसीद की प्रति को ऑनलाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। |
| 2. | घोषणा–पत्र का प्रारूप Form of Bid-Securing Declaration को निविदा प्रपत्र में संलग्न किया गया है, जिसे नियमानुसार 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर बिड सिक्यूरिटी के रूप में प्रस्तुत करना होगा। |
| 3. | नगर निगम बीकानेर में ब्लड रिलेशन नहीं होने बाबत् 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र। |
| 4. | किसी भी राजकीय कार्यालय में फर्म के डी–बार/ब्लैकलिस्ट ना होने का 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र। |
| 5. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 रजिस्ट्रेशन अथवा इंडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत अथवा इंडियन कंपनी एक्ट 1956 के अंतर्गत जारी पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति। |
| 6. | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति। |
| 7. | पेन कार्ड की सत्यापित प्रति। |

| सहायक अभियंता | मुख्य लेखाधिकारी | उपायुक्त/आयुक्त |
|---|---|---|
| नगर निगम, बीकानेर | नगर निगम, बीकानेर | नगर निगम, बीकानेर |

2. वितीय बिड (द्वितीय भाग):–

दर प्रस्ताव प्रपत्र :–

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित संख्या | इकाई | दर (समस्त करों सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | डेजर्ट कूलर सप्लाई एवं स्थापन | 20 | नग | |
| 2 | डेजर्ट कूलर हेतु लोहे का स्टैण्ड मय व्हील्स | 20 | नग | |
| | **कुल योग (समस्त कर सहित)** | | | |

विशेष नोट :–

1. BoQ में वर्णित समस्त Specifications एवं शर्तों को भलीभाँति पढ़कर पालना सुनिश्चित करनी होगी एवं कूलर तथा सभी पार्ट्स यथा मोटर, पम्प, फैन इत्यादि हेतु 01 वर्ष की वारंटी देनी होगी।
2. संख्या अनुमानित है, जिसे आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

सहायक अभियंता
नगर निगम, बीकानेर

मुख्य लेखाधिकारी
नगर निगम, बीकानेर

उपायुक्त/आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

## –: मुख्य निविदा शर्तें :–

1. निगम द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न अधिकृति कार्यालयों में कूलर स्थापन हेतु आदेश दिया जावेगा। इस हेतु स्थापन एवं Transportation की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संवेदक की होगीं किसी भी स्थिति में अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।
2. सभी निविदादाताओं पर सामान्य वित्तीय लेखा नियम, नगरपालिका नियम व लोक उपापन नियम 2013 व लोक उपापन एव पारदर्शिता एक्ट 2012 और PWF&AR के नियम/प्रावधान लागू होगें ।
3. निविदाएं उन फर्मों/डीलर्स द्वारा दी जानी चाहिए जो या तो उन लेखों/उपकरण/मशीनरी के लिए पंजीकृत/अनुमोदित आपूर्तिकर्ता है, जो वास्तव में उन सामानों में हैं जिनके लिए निविदा दी जा रही है।
4. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ दिये गये दस्तावेज सही नहीं पाए जाने पर निविदा कभी भी निरस्त की जाकर नियमानुसार कार्यवाही का अधिकार आयुक्त महोदय का होगा।
5. **निविदादाता अपने ठेके या उसके किसी मूल भाग को किसी अन्य एजेन्सी/फर्म को सबलेट/स्थानान्तरित नही कर सकेगा।**
6. यदि सफलतम निविदादाता/ठेकेदार कार्य आदेश में निर्धारित समय अवधि से पूर्व बिना किसी पर्याप्त कारण के वित्तीय अनुसूची/वितीय स्वीकृत दर पर कार्य करने में असफल रहता है तो ठेकेदार की प्रतिभूति राशि जब्त करने के अलावा शेष अवधि के लिए ठेकेदार के हर्जे खर्चे (Risk & Cost) पर नगर निगम कार्य करवाने के लिए स्वतंत्र होगा।
7. निविदादाता को बिना सूचना दिये निविदा निरस्त करने का अधिकार आयुक्त/महापौर का होगा।
8. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर श्रीमान् आयुक्त/महापौर द्वारा दिया गया निर्णय मान्य होगा।
9. निविदा खोलने के बाद प्रस्ताव वापस लेता है या उपन्तरण करता है या करार निर्धारित अवधि में नहीं करता है, प्रतिभूति राशि जमा नहीं करवाता है तो लोक उपापन नियम 2013 व लोक उपापन एव पारदर्शिता एक्ट 2012 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
10. कांर्य की समयावधि 02 माह तक होगी।
11. नगर निगम किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। यह आवश्यक नही है कि वह न्यूनतम निविदा को ही स्वीकार करें वह किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द कर सकता है।
12. धरोहर राशि के निविदा के अंतिम में रूप से स्वीकार किये जाने के पश्चात् नियमानुसार समस्त असफल निविदाकार को प्रत्यप्रित कर दी जावेगी। यदि किसी फर्म की कोई राशि नगर निगम बीकानेर कार्यालय में पूर्व में जमा है तो उसे धरोहर/प्रतिभूति राशि पेटे नहीं माना जावेगा। प्रतिभूति राशि वास्तविक/कार्यादेश राशि के 05 प्रतिशत होगी।
13. परफोरमैंस गारंटी आदि हेतु राज्य वित्त विभाग के वर्तमान नियम प्रभावी होंगे।
14. काटी गई PERFORMANCE SECURITY राशि को पुनः संवेदक को नियमानुसार दोष दायित्व अवधि (Defect liability period) 01 वर्ष की होगी। उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात कार्य संतोषजनक पूर्ण होने पर पुनः लौटा दिया जायेगा।
15. दरें सभी प्रकार के कर सहित मानी जावेगी। किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर देय नही होगा।
16. समय–समय पर उक्त अवधि के दौरान नगर निगम अथवा राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश/आदेश को मानने अथवा उसकी पालना करने के लिए ठेकेदार बाध्य होगा।
17. आयुक्त नगर निगम युक्ति–युक्त कारण सहित इस चालू ठेके को सात दिवस के नोटिस पर निरस्त कर सकेंगे। इस निरस्तिकरण के कारण कोई भी क्षतिपूर्ति नहीं दी जायेगी।
18. न्यायिक विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र बीकानेर होगा।
19. निबन्धनों तथा शर्तो को भंग करने या संविदा को असन्तुष्ट ढंग से पूर्ण करने पर नगर निगम द्वारा बैंक गारन्टी/प्रतिभूर्ति/अमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। इस संबंध में महापौर/आयुक्त नगर निगम, बीकानेर का निर्णय अन्तिम होगा।
20. नगर निगम बीकानेर द्वारा आवश्यकतानुसार कार्यादेश दिए जावेंगे, जिनका समयबद्ध कार्य सम्पादन संवेदक को करना होगा।
21. कार्य करते समय संवेदक को IER (Indian Electricity Rule) की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
22. संवेदक को नवीन विद्युत उपकरणों हेतु निर्माता द्वारा जारी गारण्टी/वारण्टी कार्ड एवं अन्य उपलब्ध करवाना होगा एवं उक्त अवधि में किसी प्रकार की तकनीकी खामी को दुरूस्त बिना किसी अतिरिक्त व्यय के करना होगा।
23. बिल का भुगतान नियमानुसार औपचारिकताएं व प्रमाणीकरण के पश्चात् किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा ग्रांट/बजट में विलम्ब होने की स्थिति में भुगतान विलम्ब होने पर ठेकेदार द्वारा प्रशासन पर दबाव नही बनाया जाएगा।

24. सफलतम निविदादाता को नियमानुसार नॉन ज्यूडिश्यल स्टाम्प पर अनुबंध करना होगा।
25. ठेकेदार द्वारा कार्य संतोषजनक न होने पर महापौर/आयुक्त, द्वारा 03 नोटिस देने पर ठेका/निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगा। उसकी प्रतिभूति राशि (सिक्योरिटी) एवं जमा राशि निगम द्वारा जब्त कर ली जावेगी।
26. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। प्रस्तुत दरें निविदा तिथि से 90 दिवस की अवधि तक मान्य होगी।
27. सफलतम निविदादाता की दरें स्वीकृत की जाती है, तो आदेश अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर कार्य संपादित करना होगा।
28. निविदादाता द्वारा न्यून्तम दर आने पर यदि निगम कार्य आदेश देती है तो उसे अनुबंधित दर पर कार्य करना होगा अन्यथा उसकी प्रतिभूति राशि (सिक्यूरिटी) निगम द्वारा जब्त कर ली जावेगी।
29. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. की राशि जमा करने का दायित्व संवेदक का होगा।
30. संवेदक को कार्यादेश जारी होने के अधिकतम 07 दिवस में आपूर्ति एवं स्थापन करना होगा अन्यथा जी. एफ. एण्ड ए. आंर. के अनुरूप पेनल्टी प्रावधान लागू किया जा सकेगा।
31. निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले निविदादाता निविदा सम्बंधित शर्तों को भली–भाँति पढ़ लेवें एवं शर्तों से सहमत होने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया में भाग लेवें।

**उपरोक्त समस्त शर्तें मेरे द्वारा भली भाँति पूर्ण रूप से पढ़ ली/समझ ली गई हैं एवं मुझे सभी शर्तें मान्य है।**

निविदादाता के हस्ताक्षर

| | | |
|---|---|---|
| अधिशाषी अभियंता<br>नगर निगम, बीकानेर | मुख्य लेखाधिकारी<br>नगर निगम, बीकानेर | उपायुक्त/आयुक्त<br>नगर निगम, बीकानेर |

# —: ई—टेण्डर हेतु निविदादाता के लिये निर्देश :—

- निविदा पूर्णतया ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा भरी जावेगी। इच्छुक निविदादाता को अपने डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।
- निविदादाता द्वारा निविदा के निर्धारित प्रोसेसिंग फीस, टेण्डर फीस एवं धरोहर राशि का ऑनलाईन भुगतान नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट **www.bikanermc.org** पर **Pay Online Tender** ऑप्शन द्वारा **Online Tender, RISL, EMD Fee Pay** पर होगा। निविदा का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् जारी हुई रसीद की प्रति को ऑनलाईन वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क **Non Refundable** होगा।
- निर्धारित शुल्क एवं धरोहर राशि से कम भुगतान करने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा निविदा हेतु अयोग्य माना जावेगा।
- निविदा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है :—

| नाम | आयुक्त, नगर निगम बीकानेर |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | निर्धारित शुल्क |
| 10 लाख तक | 500 / — |
| 10 लाख से अधिक | 1000 / — |

- इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को अपनी फर्म के नाम से डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को ऑनलाईन वेबसाईट पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिये डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत् प्राप्त करना होगा, जो ई—निविदा में डिजिटल रूप से साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सी.सी.ए. द्वारा स्वीकृत ऐजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास में पूर्व में वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता है।
- निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र ईलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नहीं होंगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ई—निविदा प्रपत्रों को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवें कि निविदा प्रपत्रों से सम्बन्धित समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गई है।
- टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक समस्त कॉलम को समुचित रूप से भरकर ही ऑनलाईन दर्ज करें।
- यदि निविदादाता टेण्डर को ऑनलाईन जमा करवानें में किसी भी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
- किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
- राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, सामान्य वित्त एवं लेखा नियम तथा लोक निर्माण वित्त एवं लेखा नियम के नियम लागू होंगे।
- किसी प्रकार की टंकणीय त्रुटि होने की स्थिति में विभागीय ISOR में वर्णित दरें / विवरण मान्य होंगी।
- RP.WA-100 की समस्त शर्तें निविदादाता को मान्य होगी।

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

# MUNICIPAL CORPORATION, BIKANER

**Name of work :-** नगर निगम बीकानेर के अधिकृत विभिन्न अनुभाग में कूलर सप्लाई का कार्य।

## "H" Schedule

| Sr. No. | PARTICULARS | QTY | Unit | Rate | Amount (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply, installation, testing and commissioning of Desert Cooler of Reputated brand at Corporation Offices. | 20 | Each | 9250.00 | 185000.00 |
| 2 | Supply of Desert cooler stand with wheels. Stand shall be coated with 2 coats enamal paint. | 20 | Each | 650.00 | 13000.00 |
| | **Desert Cooler Specifications :-**<br>Cooler shall have electronic regulator confirming to IS:11037/84. A rotary type 4/5 positions switch having marking off, low, mid, high. Separate switches shall be provided for pump and fan. Tank Capacity 80-100 litre, cooling area at least 200 sq ft., air throw length 30 ft.<br>**Motor Specifications :-**<br>Motor pump shall be of branded make and ISI marked in compliance of IS:996/79 . Motor pump shall have copper windings, double ball bearing . Speed 1200-1400 rpm. Operating voltage 150-270V. Efficiency atleast 73%, Class E insulation, A.C single phase 410w, 2 amp, 50hz. fan size 450mm, direction anti clock wise, propeller type A.C. ventilating fan, IS :2312 /1967.<br>**Pump Specification :-**<br>Water Pump shall be provided with proper clamping arrangement. Pump shall confirm to IS:11951/82. Body material shall be made of plastic. Flow rate atleast 50lpm, inbuilt thermal overload protection power rating 18 watt, head atleast 1.6mtr outlet size 12.7 mm<br>**Body Specifications :-**<br>Filter panel, front grill and top of the cooler shall be made of 0.80mm GS sheet. Tank and rest of the body shall be made of 1.2mm thick GS Sheet confirming to 375 grade and IS:277/85. All internal surfaces including inside of the tank, and blades, motor body, pump, pump body and frame shall be painted with water resistant paint confirming to IS:9862/81 . Cooler shall be fitted with 4 inches width honey pad for water circulation. Internal sides of cooler shallbe painted entirely with rubber paint for leak proof and corrosion free operation.<br>The wood wool shall be placed in the wiremash, the filter pads shall be spread uniformly over the panel and fixed with clamps to avoid sagging of the pads. The wire mash shall be galvanised and coated with water resistant paint.<br>**Contractor shall provide warranty for cooler body, motor, fan, submersible pump for atleast 1 year.** | | | | |
| | Grand Total :- | | | | **198000.00** |
| | (One Lakh Ninty Eight thousand Rupees only) | | | | |

Junior Engineer (E.)
Bikaner Nagar Nigam

Executive Engineer (E.)
Bikaner Nagar Nigam

**I/we agree to do the work as per specification and BMC terms & conditions.**

**Signature of contractor with seal**

# Form of Bid-Securing Declaration

Date :
Bid No. :
Alternative No. :

To : .
---------------------------------------------------
----------------------------------------------------

We, the undersigned, declare that:

We understand that, according to your conditions, bids must be supported by a Bid-Securing Declaration.

We accept that we are required to pay the bid security amount specified in the Term and Condition of Bid, in the following cases, namely :-

(a) when we withdraw or modify our bid after opening of bids;
(b) when we do not execute the agreement, if any, after placement of supply/work order within the specified period;
(c) when we fail to commence the supply of the goods or service or execute work as per supply/work order within the time specified;
(d) when we do not deposit the performance security within specified period after the supply/work order is placed;and
(e) if we breach any provision of code of integrity prescribed for bidding specified in the Act and Chapter VI of these rules.

In addition to above, the State Government shall debar us from participating in any procurement process undertaken for a period not exceeding three years in case where the entire bid security or any part thereof is required to be forfeited by procuring entity.

We understand this Bid Securing Declaration shall expire if :-

(i) we are not the successful Bidder;
(ii) the execution of agreement for procurement and performance security is furnished by us in case we are successful bidder;
(iii) thirty days after the expiration of our Bid.
(iv) the cancellation of the procurement process; or
(v) the withdrawal of bid prior to the deadline for presenting bids, unless the bidding documents stipulate that no such withdrawal is permitted.

Signed :-----------------------------------------

Name :-----------------------------------------

In the capacity of :---------------------------

Duly authorized to sign the bid for and on behalf of :

Dated on day of
Corporate Seal ----------------------------------------

**[Note: In case of a Joint Venture, the Bid Securing Declaration must be signed in name of all partners of the Joint Venture that is submitting the bid.]**

शपथग्रहिता